22/10/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से रूस की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना हो गए हैं। वे कज़ान में सोलहवें ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ़्रीका (ब्रिक्स) शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। शिखर सम्मेलन का विषय न्यायपूर्ण वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मज़बूत करना है। रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री की रूस यात्रा के बारे में नई दिल्ली में पत्रकारों को जानकारी देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि भारत ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य है और इसकी स्थापना के बाद से ही इसकी सभी गतिविधियों, पहलों और सहभागिताओं में भाग लेता आ रहा है।

0000000000000000000000000

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि गैर निष्पादित परिसंपत्तियों और उच्च पूंजी प्रचुरता अनुपात के कम स्तर के साथ भारत की बैंकिंग प्रणाली मजबूत रही है। उन्होंने कहा कि वित्तीय क्षेत्र का मुख्य उद्योगों में निवेश को बढावा देने के लिए आवश्यक ऋण प्रदान करना विकास को बनाये रखने के लिए महत्वपूर्ण है। वित्तमंत्री ने अमरीका के न्यूयार्क की कोलम्बिया यूनिवर्सिटी के एक सत्र में यह बात कही। उन्होंने कहा कि जटिल वैश्चिक वातावरण के बावजूद भारत का वृहद आर्थिक आधार मजबूत बना हुआ है। इस बुनियाद पर भविष्य का विकास टिका हुआ है।

वित्तमंत्री ने कहा कि भारत, फिलहाल बाजार विनिमय दरों के मामलों में विश्व में पांचवी सबसे बडी अर्थव्यवस्था है जबकि वर्ष 2013 में यह दसवीं सबसे बडी अर्थव्यवस्था था।

0000000000000000000000

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को अरुणाचल प्रदेश में चार सौ तेईस किलोमीटर लंबी पंद्रह राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान, उन्होंने इन महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए विकास में तेजी लाने के महत्व पर जोर दिया, जिससे पूर्वोत्तर क्षेत्र में गतिशीलता बढ़ाने और आर्थिक विकास को गति देने के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला जा सके। समीक्षा बैठक में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा, सांसद हर्ष मल्होत्रा और तापिर गाओ के अलावा मुख्यमंत्री पेमा खांडू और मंत्रालय और राज्य सरकार के अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

0000000000000000000000

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत संचार निगम लिमिटेड-बीएसएनएल के द्वारा 4जी नेटवर्क की शुरूआत के बाद से ग्राहकों की संख्या पिछले छह महीनों में पचहत्तर लाख से बढकर एक करोड अस्सी लाख हो गई है। आज नई दिल्ली में बीएसएनएल के नए लोगो और सात नई सेवाओं का उद्घाटन करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि भारत विश्व के उन छह देशों में शामिल हो गया है जिन्होंने अपना 4जी नेटवर्क विकसित किया है और जल्द ही इसे 5जी नेटवर्क में बदला जाएगा।

बीएसएनएल का नया लोगो विकास, पहुंच और विश्वास का प्रतीक है। इस अवसर पर श्री सिंधिया ने सात नई सेवाओं का शुभारंभ किया।

0000000000000000000

राज्यपाल के टी परनाइक ने इक्कीस अक्टूबर 2024 को मदर्स होम, आलो को पांच लाख रुपए का चेक प्रदान किया, जिसकी घोषणा उन्होंने पुनर्वास केंद्र के दौरे के दौरान की थी। मदर्स विजन की अध्यक्ष जुमदे योमगाम गामलिन और सचिव किरबोम पादु ने स्वास्थ्य आयुक्त पवन कुमार सैन की उपस्थिति में अनुदान सहायता प्राप्त की। राज्यपाल ने नशे की लत के खिलाफ लड़ाई में मदर्स विजन के उल्लेखनीय काम की सराहना की। 0000000000000000000000000

पर्यावरण एवं वन मंत्री वांगकी लोवांग के निजी सुरक्षा अधिकारी के रूप में तैनात एक पुलिस कांस्टेबल को कथित तौर पर एक रिसॉर्ट में गोलीबारी करने के आरोप में देवमाली में तिराप पुलिस ने हिरासत में लिया।कांस्टेबल द्वारा अपनी सर्विस राइफल से फायरिंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे स्थानीय लोग नाराज हो गए। घटना अट्ठारह और उन्नीस अक्टूबर की रात की है। रिपोर्ट के अनुसार, कांस्टेबल की पहचान बिजोय दोदुम के रूप में हुई है, जिसका कुछ स्थानीय लोगों के साथ विवाद हुआ, जिसके बाद उसने अपनी सर्विस राइफल से पांच राउंड फायरिंग की। हालांकि, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। इलाके में स्थिति तनावपूर्ण होने के बाद तिराप पुलिस ने उसे एक रात के लिए हिरासत में लिया। बाद में उसे वापस ईटानगर में सुरक्षा सेल में स्थानांतरित कर दिया गया।

00000000000000000000

लोहित यूथ लाइब्रेरी मूवमेंट की वरिष्ठ स्वयंसेवक बेहेलती अमा की कलाकृतियों ने सत्रह से उन्नीस अक्टूबर तक नई दिल्ली में आयोजित आदिवासी कला प्रदर्शनी में लगातार दूसरे साल अरुणाचल प्रदेश का नाम रोशन किया। चार दिवसीय प्रदर्शनी के दूसरे संस्करण 'Silent conversation: From margins to the centre' का उद्घाटन विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इंडिया हैबिटेट सेंटर में किया। प्रदर्शनी को ध्यान से देखने वाले डॉ. जयशंकर ने बेहेलती की कलाकृतियों की दिल से सराहना की। प्रदर्शनी में भारत भर से बाईस बाघ अभयारण्यों के उनचास कलाकारों की दो सौ से अधिक पेंटिंग और सौ कलाकृतियाँ प्रदर्शित की गईं। 0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की पानी मंजू जोरम ने ताइपेई, ताइवान में आयोजित एशियाई कप मुएथाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने वाइ-क्रू में रजत पदक और सत्तावन किलोग्राम (एलीट) वर्ग में कांस्य पदक जीता। जोरम ने इतिहास रच दिया है क्योंकि वह एशियाई कप मुएथाई चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली अरुणाचल प्रदेश की पहली एथलीट हैं। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्हें उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और भविष्य के खेल आयोजनों के लिए शुभकामनाएं दीं।

00000000000000000000000